छपे हुए पृष्ठों की संख्याः 1

परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय1, हैदराबाद

कार्यपत्रक 3

विषयः हिन्दी कक्षाः नवीं

पाठः 4 साँवले सपनों की याद

नामः---------------- अनुक्रमांकः----------- दिनांकः--------

पूर्णांकः 15 प्राप्तांकः------

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

सालिम अली ने अपनी आत्मकथा का नाम रखा था 'फॉल आफ ए स्पैरो' (Fall of a Sparrow)। मुझे याद आ गया, डी एच लॉरेंस की मौत के बाद लोगों ने उनकी पत्नी फ्रीडा लॉरेंस से अनुरोध किया कि वह अपने पति के बारे में कुछ लिखे। फ्रीडा चाहती तो ढेर सारी बातें लॉरेंस के बारे में लिख सकती थी। लेकिन उसने कहा- मेरे लिए लॉरेंस के बारे में कुछ लिखना असंभव- सा है। मुझे महसूस होता है, मेरी छत पर बैठने वाली गौरैया लॉरेंस के बारे में ढेर सारी बातें जानती है। मुझसे भी ज़्यादा जानती है। वो सचमुच इतना खुला-खुला और सादा-दिल आदमी था। मुमकिन है, लॉरेंस मेरी रगों में, मेरी हड्डियों में समाया हो। लेकिन मेरे लिए कितना कठिन है, उसके बारे में अपने अनुभवों को शब्दों का जामा पहनाना। मुझे यकीन है, मेरी छत पर बैठी गौरैया उसके बारे में, और हम दोनों ही के बारे में, मुझसे ज़्यादा जानकारी रखती है।

प्रश्न- 1) लोगों ने फ्रीडा से क्या अनुरोध किया था? 2

2) डी एच लॉरेंस कौन थे? 2

3) फ्रीडा ने गौरैया के बारे में क्या कहा? 2

4) सालिम अली की आत्मकथा का नाम लिखिए। 1

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2 x 4=8

1. किस घटना ने सालिम अली को पक्षी प्रेमी बना दिया था?
2. लॉरेंस के बारे में सबसे अधिक कौन जानता था? इससे लॉरेंस के किस गुण का पता चलता है?
3. फ्रीडा ने लॉरेंस के बारे में कुछ लिखने से मना क्यों कर दिया था?
4. लोगों को ऐसा क्यों लगता था कि सालिम अली शीघ्र लौट आएँगे?